## खबर संक्षेप

### वीडियो निगरानी टीम का प्रशिक्षण 27 मार्च को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विधानसभा क्षेत्रवार गठित वीडियो निगरानी टीम वीएसटी का प्रशिक्षण बुधवार 27 मार्च 2024 को प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करनें के निर्देश दिए है।

### एम.सी.एम.सी टीम का प्रशिक्षण 28 मार्च को

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर एम.सी.एम.सी एवं उनके साथ संलग्न स्टाफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार 28 मार्च 2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने टीम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करनें के निर्देश दिए है।

### कम्यूनिकेशन एवं वेबकॉस्टिंग टीम का प्रशिक्षण 30 मार्च को

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कम्यूनिकेशन एवं वेबकास्टिंग तथा उनके साथ संलग्न स्टाफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार 30 मार्च 2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री शिशिर गेमावत ने टीम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करनें के निर्देश दिए है।

### गठित दल का प्रशिक्षण 30 मार्च को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली की मार्क कापी बनाने हेतु गठित दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार 30 मार्च 2024 को दोपहर 3 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने नोडल अधिकारी मतदान सूची को निर्वाचक नामावली की मार्क कापी बनाने के लिए संलग्न स्टाफ को प्रशिक्षण में प्रशिक्षण में उपस्थित होनें की सूचना देने के साथ ही उपस्थित पत्रक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं प्रबंधन सेल को उपलब्धलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

### प्रूफ -रीडिंग पश्चात मतपत्रों का मुद्रण कराने दल गठित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा एक आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतपत्रों का आंकलन करने, मांग पत्र प्रेषित करने एवं रिटर्निंग ऑफिसर पन्ना तथा अनूपपुर से प्राप्त प्रारूप -7 क के आधार पर प्रूफ रीडिंग पश्चात शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय भोपाल से मतपत्रों का मुद्रण कराने हेतु दल गठित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार गठित दल में विवेक गुप्ता डिप्टी कलेक्टर एवं अरविंद सिंह ठाकुर जिला कोषालय अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

### जानकारी उपलब्ध कराये

**कटनी।** संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा नें जिले के समस्त शासकीय विभागों को पत्र जारी करते हुए विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं स्थाई कर्मियों की जानकारी निर्धारित प्रपत्रों में चाही गई है। संयुक्त कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र में विभागों में संविदा, अंशकालीन एवं आउट सोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों को छोडकर विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं स्थाई कर्मियों की जानकारी 10 दिवस में कार्यालय में उपलब्ध करानें का लेख किया गया है।

### कलेक्टर की सख्ती के बाद हरकत में आया अमला, 95 हजार रुपये का जुर्माना

# रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर की जा रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा दिए गए निर्देश के बाद खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी और कड़ी नजर रखी रही। जिसके परिणामस्वरूप विगत दिवसों खनिज गौण रेत का अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए तीन वाहनों से लगभग 94 हजार 875 रूपये की निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि वसूल कर जमा कराई गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 15 मार्च को ग्राम बरहटी रोड पुरैनी के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वाहन ट्रेक्टर मय ट्राली से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, कमल सिंह पिता भूरे सिंह निवासी नडैरी थाना विजयराघवगढ़, द्वारा 3 धनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खनिज गौण नियम 2022 के तहत वाहन जब्त करने की कार्यवाही की गई।

अवैध परिवहन के एक अन्य प्रकरण में 1 मार्च को ग्राम बिचपुरा मेन रोड के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नीले का बिना नंबर सोनालिका वाहन ट्रेक्टर ट्राली से अनावदेक परिवहनकर्ता रमदमन सिंह पिता फूल सिंह गौंड़ निवासी जाजागढ़ थाना बरही द्वारा 3 धनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खनिज गौण नियम 2022 के तहत वाहन जप्त करने की कार्यवाही की गई।

जबकि एक अन्य प्रकरण में 19 मार्च को ग्राम सिनगौडी खिरवा रोड के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वाहन ट्रेक्टर चेचिस नंबर एन.जी.जे.वाय 00217 मय ट्राली से अनवावेदक परिवहनकर्ता अतुल बारी पिता भगवानदीन बारी निवासी पथरहटा तहसील विजयराघवगढ कटनी द्वारा 3 घन मीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर वाहन जब्त किया गया था।

खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्ती उपरांत रेत के अवैध परिवहन के कृत्य पर मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 19 (1) के तहत कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए तीनों अनावेदकों पर प्रथक- प्रथक 31 हजार 625 रुपये का प्रशमन शुल्क अधिरोपित कर अनावेदक को प्रशमन शुल्क की राशि जमा करनें हेतु सूचना पत्र प्रेषित किया गया। जिस पर अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करनें की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किया गया। जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदक से 31 हजार 625 रूपये के मान से प्रथक - प्रथक प्रशमन शुल्क की राशि कुल 94 हजार 875 रूपये जमा कराई जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 19 के तहत तीनों अनावेदकों पर निर्धारित की गई प्रशमन शुल्क की कुल राशि 94 हजार 875 रूपये जमा कर दिये जाने के पश्चात वाहनों को मुक्त करने की कार्यवाही की गई है।

# ग्रामीणजनों को विद्युत से सुरक्षा के लिए एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण जनों के लिये विद्युत से सुरक्षा सावधानियों पर नजर रखने के लिये विद्युत वितरण कंपनी ने एडवाइजरी जारी की है। ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। गर्मी के मौसम में इस प्रकार की दुर्घटनाओं से कईं बार व्यापक स्तर पर जन-धन की हानि होती हैं। इनसे सुरक्षा के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील की है। अपील में कहा गया है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें क्योंकि ऐसा करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। थोड़ी सी भी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं।

ग्रामीणों से अपील की गई है कि ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है, उन्हें आंधी तूफान या अन्य किसी कारण से टूटने वाले तारों को अकस्मात छूने का प्रयास न करें। इस दौरान जरूरी होगा कि लाइन टूटने की सूचना तत्काल निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत

### अप्रिय घटनाओं से रोकने के लिए लोगों को दी हिदायत

कर्मचारी को दें। इसके लिए आवश्यकतानुसार किसी जिम्मेदार व्यक्तियों को अन्य यात्रियों को चेतावनी देने के लिए निर्देशित कर नियुक्त किया जायें।

किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों खलिहानों में ऊँची-ऊंची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियां, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊँची भरी हुई गाड़ियाँ न निकालें, इससे आग लगने एवं जान जाने का खतरा है। बहुत से स्थानों पर बच्चे पतंग अथवा लंगर का खेल खेलते-खेलते तरह-तरह के धागे और डोर विद्युत लाइनों में फंसा देते हैं। ऐसा करने से उन्हें रोकें। लाइनों में फंसी पतंग निकालने के लिए बच्चों को कभी भी खंभे पर न चढ़ने दें। इससे एक ओर जहां दुर्घटना को टाला जा सकेगा वहीं दूसरी ओर आप होने वाली आर्थिक हानि से भी बच सकेंगे।

### महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा की गई सहभागिता

# लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से मतदान के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व मे आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत एवं लोकनृत्य के माध्यम से लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य भावी, युवा एवं सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान का महत्व बताना एवं आगामी लोकसभा चुनावों में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मत देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करना रहा। ताकि शत- प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। साथ ही प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा भी विद्यार्थीयों से आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, प्रियंका तोमर, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ रूपा शर्मा, पवन दुबे, अनीता सिंह, अनुराग सोनी, नितिन दुबे, दीपक मिश्रा, सौरभ सिंह, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, कृष्णपाल सिंह, सोनम पाण्डे, सुश्री संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, नेहा तिवारी, चंद्रभान विश्वकर्मा, आर ए चौधरी, आशीष तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, शंकर सिंह तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

### वाहन व्यवस्था संबंधी बस ऑपरेटर्स की हुई बैठक



लोकसभा निर्वाचन के दौरान आवश्यक वाहन व्यवस्था के संबंध में तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी प्रदीप मिश्रा द्वारा बस ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान लोकसभा निर्वाचन के प्रथम एवं द्वितीय चरण में संलग्न की जाने वाली आवश्यक बसों की व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। श्री मिश्रा द्वारा निर्वाचन कार्य में संलग्न होने वाली बसों के चालक एवं परिचालकों के डाकमत पत्र व ई.डी.सी. के लिये जानकारी समय-सीमा में उपलब्ध कराने हेतु बस संचालकों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधि के अंतर्गत बसों में मताधिकार के प्रति जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाये जाने के के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं समस्त बस संचालक व स्कूल बस संचालक उपस्थित रहे।

# 206 किलो लाहन एवं 12 लीटर मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में मदिरा के अवैध रूप से विनिर्माण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में आबकारी टीम द्वारा जिले के विभिन्न संदिग्ध इलाकों में दबिश दी जा कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर जारी जिले में जारी विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी अधिकारी श्री बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद एवं विजयराघवगढ़ के ग्राम डुगरिया, सुहुंडी एवं दुर्गापुर में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के यहां दबिश दी जाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी की टीम द्वारा 206 किलोग्राम महुआ लाहन, 12 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा तथा 21 पाव देसी मसाला मदिरा जप्त की गई तथा 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के पंजीबद्ध किये गये। दबिश के दौरान मौके पर ही महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लागत लगभग 24 हजार 500 रूपये है।

दबिश के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, केशव प्रसाद उईके, कृष्ण कुमार पटेल, महेन्द्र शुक्ला, अतुल कुटार आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, रामसिंह, श्री चन्द्र प्रकास त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### थाना परिसर में आयोजित बैठक में दी गई समझाइश

# होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने शांति समिति की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़




लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने एवं होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए विजयराघवगढ थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार श्री वर्मा, एसडीओपी केपी सिंह व थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने स्थानीय जनों से चर्चा करते हुए उन्हें आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों ने बैठक में उपस्थित जनों से होलिका दहन विवादित स्थानों में न करने व डीजे आदि का उपयोग अनुमति लेकर निर्धारित समय तक ही करने की बात कही। पुलिस अफसरों ने बताया कि हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और रंग में भंग डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने उपस्थितजनों से कहा की पर्व के दौरान कहीं भी किसी प्रकार के उपद्रव आदि के होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, पुलिस तत्परता से मौके पर पहुंचेगी। श्री शर्मा ने कहा की पुलिस और आम जनता के सामंजस्य से ही बेहतर समाज के निर्माण की परिकल्पना को साकार रूप मिलेगा इस मूल मंत्र के साथ सभी को एक दूसरे का पूरक बनकर कदम आगे बढ़ाने होंगे। त्योहार को सौहाद्रपूर्ण शांतिपूर्वक मनाने एवं बुनियादी व्यवस्थाओ पर चर्चा की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर के दौरान मौजूद लोगों ने भी पुलिस के समक्ष कुछ सुझाव रखें।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चैहान, नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मनीष मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चैहान, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राकेश रामकुमार गुप्ता, बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार, अधिवक्ता नूर मोहम्मद सिद्दीकी, अधिवक्ता मंजूलता बर्मन, महिला मोर्चा से माधुरी मिश्रा,भाजपा महा मंत्री आशुतोष सराफ,महाजन सोनी, निजाम भाई,आशीष रजक, अनिल ताम्रकार, नईम खान मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने घर घर पहुँचकर किया सर्वे कार्य

# नुक्कड़ नाटक से जल संरक्षण एवं मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



मंगेली गांव में चल रहे विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को जागरूक किया।इसके बाद स्वयंसेवकों ने मंगेली गांव में घर घर पहुँचकर सर्वे कार्य किया। देरशाम कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि सात दिवसीय समापन सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को सुबह सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास कराया गया।इसके बाद मंगेली गांव में जल संरक्षण को लेकर रैली निकाली गई। उमरियापान- सिहोरा मुख्य सड़क मार्ग पर बह रहे पानी को रोका गया। हैंडपंप से मुख्य मार्ग के किनारे किनारे लंबी गहरी नाली बनाकर पानी के बहाव को खेत की ओर मोड़ा गया।

बौद्धिक सत्र के दौरान स्वास्थ विभाग से पहुँचे डॉ.सुनील आस्के,नेत्र सहायक प्रकाश हल्दकार, सोनेलाल चक्रवर्ती के द्वारा स्वास्थ्य और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने आदिवासी और बुंदेलखंड संस्कृति की झलक पेश किया।

### विगढ़ में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली



सारे काम छोड़ दो सब से पहले वोट दो के साथ नगर के वार्डों में निकाली गई जागरूकता रैली एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावतार पटेल ने दिलाई शपथ। आगामी लोकसभा चुनावों में अपना योगदान मतदाता के रूप देना हमारा अपना कार्त्यब है। सच्ची निष्ठा से अपने मत का उपयोग करेंगे।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर परिषद विगढ़ एवं महिला वाल विकास द्वारा रैली निकाल कर नगर के सभी वार्डों में जागरुक किया गया विशेष रूप से सीता ताम्रकार, रामसिय बर्मन, तेजराज, सूरज विश्वकर्मा,शेख राजू, सुरेंद्र शर्मा बाबा त्रिपाठी, अमरदीप यादव, ब्रजेश सोनी, आरती शर्मा, आशा सोनी, नेहा गुप्ता, कृष्ण कुमार पटेल, रोशनी चौधरी,प्रभा नामदेव खुर्शीदा बेगम, राजेंद्र गोंटिया आदि नगर परिषद कर्मचारी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की भागीदारी रही।



# सीईओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के क्रम में जनपद सीईओ यजुर्वेन्द्र कोरी ने शुक्रवार को उमरियापान पहुँचकर मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए ताकि मतदान के दौरान मतदाताओं को परेशानी न हो। जनपद पंचायत सीईओ ने उमरियापान सीएम राइज स्कूल में बनायें गए मतदान केंद्रों और शौचालयों को देखा। उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली,पानी और मानकों के अनुसार मूलभूत सुविधाओं को बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर सहायक यंत्री आनंद उसरेठे, बीसी संतोष पाठक, एपीओ अजीत सिंह, सचिव सतीश गौतम, ग्राम रोजगार सहायक अतुल चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जारी किया प्रशंसा पत्र

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर संतुष्टि पूर्ण निराकरण कराए जाने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव ने अर्धशासकीय पत्र के माध्यम से जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रशंसा पत्र जारी कर सराहना की है। विदित होवे कि जिला पंचायत कटनी ने प्रदेश स्तरीय जारी सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में प्रथम समूह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह फरवरी 2024 में शिकायतों को संतुष्टि पूर्ण तरीके से बंद कराकर कुल वेटेज 83.7 प्रतिशत और ए ग्रेड के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान अर्जित किया है। अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव ने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत और सीएम हेल्पलाइन का कार्य देख रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा इसी निष्ठा और सहयोग की भावना से भविष्य में भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में प्राप्त शिकायतों का निराकरण कराए जाने की अपेक्षा की है।

### चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवक से 2 लाख रूपए मिले

**कटनी।** कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि कुठला पुलिस द्वारा पन्ना तिराहा पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एम 6145 को रोका गया और मोटरसाइकिल सवार के बैग को चेक किया गया तो उसमें से नगदी 2 लाख रुपए मिले। पुलिस ने तफ्तीश शुरू की तो उक्त पैसे साइन कृष्णा पेट्रोल पंप मैहर रोड के हवाले से आना सामने आया। मोटरसाइकिल चालक धीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर मैनेजर का काम करता है और उसके द्वारा परिवहित किये जा रहे यह रुपए पेट्रोल पंप की राशि हैं। उसके द्वारा दस्तावेज पेश करने पर जप्त राशि उसे सुपुर्द कर दी गई। पुलिस द्वारा सभी से यह अपील की गई है कि यदि अपने साथ नगदी रखते हैं तो असुविधा से बचने के लिए संबंधित नगदी के दस्तावेज अवश्य साथ में रखें।

### मतदाताओं को किया जा रहा मतदान के लिए प्रेरित

**कटनी।** जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिले भर मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दीवार लेखन का कार्य कराया जाकर विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर कोडिया, पिपरिया, केवलारी, बिछिया, हिरवारा, बोहता, पौंसरा सहित अन्य ग्रामों में मतदाता जागरूकता नारे का लेखन कार्य किया गया। इस दौरान नर-नारी एक समान सब मिलकर करें मतदान। वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो सबन्धित नारो का दीवार लेखन कर शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक कर निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया जा रहा है।

### मुनिराज का ससंघ नगर आगमन आज

**कटनी।** प.पू. गणाचार्य 108 विराग सागर महामुनिराज ससंघ जिनका पूर्व निर्धारित विहार महाराष्ट्र की ओर चल रहा है जिनका उन्ही की शिक्षा एवं वैराग्य भाव जागृत भूमि कटनी नगर में 24 मार्च को प्रातः 8.00 बजे भव्य आगमन होने जा रहा है। दिगम्बर जैन पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन एवं मंत्री डॉ. संदीप जैन ने सभी जनता से पन्ना मोड़ पर पहुंचकर आगवानी कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। प.पू.प्रणम्य सागर महाराज एवं मुनि संघ की गरिमामय उपस्थिति में जैन बोर्डिंग हाउस से श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा मिशन चौक से होते हुये आजाद चौक पहुंचेगी जहां मुनिश्री विराग सागर महाराज के संघ सहित यात्रा में शामिल होने के बाद धर्मशोभा यात्रा शेर चौक,खैरमाई मढ़िया, सराफा बाजार सुभाष चौक से होते हुये पार्श्वनाथ दिगम्बर मंदिर पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित होगी।

## खनिज रॉयल्टी अपवंचन को रोकने जिला टास्क फोर्स समिति का बड़ा कदम

# खनिजों का रासायनिक विश्लेषण प्रतिवेदन मिलने के बाद ही मिलेगी परिवहन अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उत्खनन के दौरान निकले हुए खनिजों का रासायनिक विश्लेषण प्रतिवेदन तथा भण्डारित खनिज की श्रेणी स्पष्ट होने के बाद ही अब जिले के खनिजों के परिवहन की अनुज्ञा प्रदान की जायेगी। इससे खनिज रायल्टी अपवंचन पर रोक लगेगी। यह निर्णय शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में लिया गया। बैठक मे हुई चर्चा के अनुसार तालाब निर्माण कार्य, भूमि के समतलीकरण या अन्य माध्यमों से उत्खनन के दौरान निकले हुए खनिजों का परिवहन अनुज्ञा प्रदाय किये जाने के पूर्व परिवहन अनुज्ञा हेतु प्रस्तावित क्षेत्र और उस क्षेत्र में रखे हुए खनिजों का संबंधित सहायक खनिज अधिकारी और खनिज निरीक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से मय पंचनामा सहित सेम्पल एकत्रित कर भौमिकी तथा खनिकर्म क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर को रासायनिक विश्लेषण हेतु भेजना होगा। इसके बाद रासायनिक विश्लेषण प्रतिवेदन तथा



भण्डारित खनिज की श्रेणी स्पष्ट होने के बाद ही परिवहन अनुज्ञा हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का सक्षम प्राधिकारी द्वारा निपटारा किया जायेगा।

जिला टास्क फोर्स समिति ने खनिजों के परिवहन हेत जारी दो अनुज्ञायें स्थगित कर दी है। इनमें गुलवारा तहसील कटनी के खसरा नंबर 1365/1 के रकवा 32.83 हेक्टेयर क्षेत्र के अंश भाग पर निर्मित तालाब के गहरीकरण उपरांत रवि पाण्डेय को प्रदान की गई अनुज्ञा स्थगित कर दी गई है। इसके अलावा ग्राम कन्हवारा के खसरा नंबर 2028 में निर्मित तालाब गहरीकरण से प्राप्त खनिज मिट्टी , मुरूम के परिवहन हेतु निर्माण एजेंसी द्वारा ठेकेदार को प्रदाय की गई अनुज्ञा को रासायनिक विश्लेषण प्रतिवेदन प्राप्त होने तक तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

जिला खनिज बाहुल्य प्रधान जिला है। यहां मुख्य एवं 31 गौण खनिज पाये जाने की संभावना रहती है। मुख्य खनिज के तौर पर यहां लाईम स्टोन, बॉक्साइट, मैंगनीज, आयरन ओर पाया जाता है। जबकि 31 गौण खनिजों के रूप में डोलोमाइट, लैटेराइट, क्वार्टज, क्ले आदि पाये जाते है।

### ये है नियम

मप्र गौण खनिज नियम मे सहकारी अथवा निजी भूमि से निजी या सरकारी संस्था द्वारा अथवा व्यक्ति द्वारा तालाब, बांध, नहर, स्टाप डैम, जल निकाय, भवन सड़कें निर्मित किये जाने से तथा भूमि के समतलीकरण के कारण हटाये गए गौण खनिजों का वाणिज्यिक प्रयोजनों के उपयोग के लिए परिवहन अनुज्ञा प्रदान करने के प्रावधान है। इस हेतु आवेदन पत्र भी प्राप्त हो रहे है। चूंकि जिले में मुख्य खनिज बहुतायत मात्रा मे है इसलिए रासायनिक विश्लेषण मिलने के बाद ही परिवहन अनुज्ञा देने का निर्णय लिया गया है।

जिले में मुख्य खनिज की प्रचुरता की वजह से बैठक में निर्णय लिया गया कि तालाब निर्माण कार्य, भूमि के समतलीकरण एवं अन्य माध्यमों से निकले हुए खनिज मिट्टी व मुरूम के परिवहन की अनुमति खनिज के रासायनिक विश्लेषण प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद ही अब परिवहन अनुज्ञा की अनुमति दी जायेगी। ताकि शासन को संभावित खनिज रॉयल्टी की हानि न हो।



# 3 ठिकानों में दबिश देकर जब्त की गई 4 पेटी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस ने तीन ठिकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए उनसे 200 पाव अवैध शराब बरामद की। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एडि एसपी संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया एवं उनकी टीम द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गस्त किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर ग्राम खड़रा में अजय बर्मन 30 साल निवासी खड़रा से 70 पाव देशी प्लेन शराब कीमती करीब 7000 रूपये एवं 300 रूपये नगद, भोलाराम बर्मन 49 साल निवासी खड़रा से 50 पाव देशी प्लेन कीमती करीब 5000 रूपये, अनिल बर्मन 45 साल निवासी खड़रा से 80 पाव देशी प्लेन कीमती करीब 8000 रूपये की शराब बेचने की फिराक में रखे हुए पकड़ी गयी। उक्त आरोपियों से कुल 200 पाव देसी अवैध मदिरा कुल कीमती 20000 रुपए की जब्त कर उनके विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।

अवैध शराब पकड़ने मे थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, उनि संतराम यादव, सउनि बृजेन्द्र उरमलिया, प्र.आर. अंजनी मिश्रा, प्र.आर. तेजप्रकाश सिंह, आर. रजनीश तेकाम, आर.सोने सिंह, आर. राजा साहू की भूमिका रही ।

## प्रशिक्षण सत्र का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

# प्रशिक्षण ले रहे लोकसेवकों को निर्वाचन की बारीकियां समझने की दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की शुचिता,निष्पक्षता और त्रुटिहीन निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करने का दारोमदार आप सभी पर है। इसलिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियां समझने की आवश्यकता है। यदि आप असमंजस या दुविधा की स्थिति में शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान खोजने में असफल रहते हैं तो आपको मतदान केंद्रों में असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रशिक्षण में विद्यार्थी की भांति मस्तिष्क में उभर रहे सवालों के उत्तर जानें ताकि आप निर्विघ्न, शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार चुनाव करा सके। इस आशय के निर्देश और सुझाव शुक्रवार को दूसरी पाली में आयोजित शासकीय महाविद्यालय उमरिया पान में आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों कर्मचारियों से कहीं। इस दौरान सीईओ श्री गेमावत ने विभिन्न कक्षों में आयोजित प्रशिक्षण को नजदीक से देखा और सुना। उन्होंने लोक सेवकों से माकपोल, बी यू सी यू मशीनों के मतदान केंद्रों में अचानक कार्य नहीं करने की स्थिति में आने वाली स्थितियों से निपटने के संबंध में सवाल किए। कुछ लोकसेवकों के द्वारा प्रश्नों के ठीक-ठाक जवाब नहीं मिलने पर ट्रेनिंग को एक घंटे और अधिक समय तक चलने के निर्देश मास्टर ट्रेनर्स को दिए। इस दौरान निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डी के पासी, सहायक नोडल अधिकारी अभय जैन, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ युजवेंद्र कोरी एवं अन्य की उपस्थिति रही।

## भाईचारे से मनाये पर्व, हुरदंग की स्थिति न बनाये



त्यौहारों एवं लोकसभा चुनाव के चलते लागू आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कुठला में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए कुठला पुलिस के द्वारा समझाइए दी गई की त्योहार परंपरागत तरीके से मनाएं किसी भी तरह की हरदंग जैसी स्थिति निर्मित ना होने दें। आचार संहिता का उल्लंघन करना अपराध है इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। किसी भी विपरीत परिस्थिति में पुलिस को सूचना अवश्य दें और पुलिस के कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

# चौपालों में मतदान करने की दिलाई गई शपथ और भरे गए संकल्प पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिले भर में मतदान प्रतिशत में इजाफा हेतु भिन्न-भिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता हेतु गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को देर शाम जिले की सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता हेतु चौपालें आयोजित की गई। आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की उत्साह जनक भागीदारी रही।

### मतदान का बताया महत्व

इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी चौपाल में पहुंचे और मतदाताओं को नारों के माध्यम से... आपका एक-एक वोट कीमती है। लोकतंत्र के महायज्ञ में आपकी भागीदारी आवश्यक है। आपको मताधिकार का उपयोग करना है। मतदान केंद्रों तक आपको... अपने घर से... और आसपास के मतदाताओं को लेकर चलना है ताकि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में आप सभी शामिल हो सके। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। नर नारी एक समान सब मिलकर करें मतदान।

वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। कुछ इस प्रकार के नारों और स्लोगन के द्वारा नागरिकों को प्रेरित कर जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने भी कहा कि हम वोट करेंगे। हम अपने कीमती वोट को लोकतंत्र के त्यौहार के दिन मतदान केंद्रों में जाकर करेंगे।

## मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने कलेक्टर से बताई समस्या, जलापूर्ति के दिये निर्देश

# टिकरिया क्षेत्र के रहवासियों को टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद को मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान टिकरिया क्षेत्र के रहवासियों ने पेयजल समस्या के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था जब तक शुरू नहीं होती है तब तक टैंकर से टिकरिया क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गत शाम नगरीय क्षेत्र के सरस्वती स्कूल संजय नगर स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 212,





213 एवं 214 सहित ए.सी.सी हास्पिटल के बाजू स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 215 एवं 216 की सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान पेयजल, साफ- सफाई, शौचालय, रैंप आदि की आवश्यक सुविधाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश निगम के उपस्थित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा विवेकानंद वार्ड के नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके उचित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित उपयंत्री आदेश जैन, पवन श्रीवास्तव, मृदुल श्रीवास्तव एवं मोना कारेरा की मौजूदगी रही।

## होली के रंग लोकतंत्र के संग का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# लोकतंत्र को सशक्त करने शामिल हुए युवा मतदाता एवं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मैं... भारत का/की नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेती लेता हूं कि मैं.... मतदान करने के लिए प्रेरित करूंगी/करूंगा। यह मतदाता शपथ जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री शिशिर गेमावत ने शनिवार को फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित *होली के रंग लोकतंत्र के संग₹ की थीम पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, छात्र-छात्राओं और उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई। इस दौरान उन्होंने जिले के हर मतदाता से आगामी लोकसभा निर्वाचन में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की और कहा कि आप लोग स्वयं भी मतदान करेंगे और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को भी मतदान केंद्र तक लाने के लिए प्रेरित करेंगे।

मताधिकार का उपयोग करने की अपील के साथ ही जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने सभी को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं, अधिकारियों कर्मचारियों ने भी श्री गेमावत को रंग गुलाल लगाकर रंग बिरंगी होली की शुभकामनाएं और बधाई दी।



### प्लेग्राउंड में बिखरे होली के रंग

विश्व के सबसे बड़े और शक्तिशाली लोकतंत्र, को और अधिक मजबूत बनाने...हमारे देश में होने वाले आगामी लोकसभा निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने छात्र-छात्राओं, नागरिकों और युवा मतदाताओं में जोश और उत्साह नजर आया। रंगोत्सव के पर्व होली के पहले ही फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में होली के खूब सूरत रंग-बिरंगे रंग बिखरे। होली के पूर्व ही होली खेलते हुए युवाओं की टोली ने मतदान करने की प्रतिज्ञा ली। एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हुए होली के गानों पर अत्यंत उत्साह के साथ नृत्य कर थिरके। आसमान की ओर रंग उछाल कर नीले गगन को रंगीला कर दिया। हमारी धरती मां की गोद भी आकर्षक रंगों से भरी हुई थी।

महिला महाविद्यालय की प्राचार्य एवं स्वीप की सहायक नोडल अधिकारी चित्रा प्रभात ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभिन्न विद्यालयों और राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को मतदान करने हेतु नारे, स्लोगन के साथ रंगों की क्रीडा के बीच उनका उत्साह वर्धन कर कार्यक्रम से बांधे रखा।

कार्यक्रम के दौरान शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के निकट की निवासी गरिमा श्रीवास ने जिला पंचायत के सीईओ को बताया कि उन्होंने यह ऑर्गेनिक रंग स्वयं तैयार किए हैं। इन रंगों से शरीर की त्वचा को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता है। इसके लिए उन्होंने गरिमा श्रीवास से ऑर्गेनिक रंग बनाने की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए की प्रशंसा करते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाई और हौसला बढ़ाया।

आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के उपयुक्त पवन कुमार अहिरवार, शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य सुधीर खरे, जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, एनएसएस की जिला समन्वयक माधुरी गर्ग, रुक्मणी प्रताप सिंह, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेति, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग पूजा द्विवेदी, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र ज्योति सिंह,माधुरी गर्ग, जागेश्वर पाठक, मृगेंद्र सिंह, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह,योगेंद्र कुमार असाटी, विवेक दुबे, बीआरसी कटनी एवं नागरिकगण मौजूद रहे।



# स्कार्पियों चालक ने पिकअप को मारी टक्कर, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झिंझरी चौकी पुलिस ने गत देर रात स्कॉर्पियो चालक ने एक पिकअप में टक्कर मारने वाले आरोपी चालक को तत्काल झिंझरी पुलिस ने पकड़ लिया और वाहन जप्त कर लिया। कार्यवाही के संबंध में झिंझरी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि गत देर रात पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर एसडीओपी विजयराघवगढ़ केपी सिंह के नेतृत्व में झिंझरी पुलिस के द्वारा रात्रि गस्त की जा रही थी। गस्त के दौरान देर रात सूचना मिली की पीर बाबा के समीप ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 21 जेडसी 2744 के चालक बृजेश रैकवार ने शराब के नशे में एक पिकअप में टक्कर मार दी है। टक्कर के कारण किसी को चोट तो नहीं लगी लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर तत्काल नशे में चूर वाहन चालक को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने तत्काल ब्लैक स्कॉर्पियो जप्त कर ली। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 12 वर्ष से फरार आरोपी स्थाई वारण्टी को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी एवं गिरफ्तारी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना धरमपुर के प्र.क्र. 176/08 धारा 379, 34 भादवि में घटना दिनांक से फरार आरोपी नफीस उर्फ भूरा पिता नसीर खाँ उम्र 34 वर्ष निवासी हडहा थाना नरैनी जिला बाँदा उ.प्र. के विरूद्ध माननीय न्यायालय (तेज प्रताप सिंह) न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजयगढ (म.प्र.) द्वारा दिनांक 29/08/12 को स्थाई वारण्ट जारी किया गया था। आरोपी स्थाई वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा 5000 रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। उक्त स्थाई वारण्टी की तलाश पतारसी हेतु थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से वारण्टी के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुये मामले के स्थाई वारण्टी को दिनांक 22/03/24 को म.प्र.-उ.प्र. सीमा चौकिंग नाका रामनगर से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी खोरा सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. अरुण अहिरवार, आर. अखिल, वरूण, बृजेश, जीतेन्द्र मिश्रा, अजय पटेल, प्रभुदयाल एवं पुलिस सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को उद्घोषित ईनामी राशि से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

### हर घर-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी बनी शोपीस, इधर-उधर भटक रहे ग्रामीण

# ग्रामीण क्षेत्रों में गहराने लगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जल संकट से निजात दिलाने और ग्रामीणों को हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य जल निगम विभाग ने कई गांवों में नल योजना का काम पूरा करवाया, लेकिन इस योजना सुचारू संचालन में अधिकारियों कर्मचारी की लापरवाही का नतीजा है हर घर नल जल योजना से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पाइप लाइन कनेक्शन सहित पेयजल टंकी शो पीस बने खड़े है,और विभाग हर घर जल पहुंचाने का दावा कर रही वाह वाही लूट रही है ग्राम पंचायत परासई के हालात यह हैं कि दूर दूर से पीने का पानी लाकर ग्रामीण प्यास बुझा रहे हैं। गांव की महिलाओं हेडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है। पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। पानी भरने के लिए महिलाओं बच्चों बुजुर्ग सहित पूरे घर के सदस्यों पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। जैसे तैसे गांव में पानी टंकी बनी है गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाई गई घर घर नल लगाएं गये है । ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी की अब पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा। और समस्या जस की तस बनी हुई है क्योंकि जल जीवन मिशन तहत गांव गांव पेयजल आपूर्ति करने कि लिए आपरेटर नियुक्त रखे गए लेकिन उनकी लापरवाही का आलम यह है 8 से-10 दिन एक बार पेयजल सप्लाई चालू की जाती है। और ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान रहते है। इसकी कई बार शिकायत के बावजूद भी पीएम पेयजल विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को जल संकट से मुक्ति नहीं दिला पा रहे हैं। सरपंच लेखन सिंह आदिवासी प्रेशर से पानी नहीं आता टंकी नहीं भर नहीं इसकी वजह से भी पानी की समस्या बनी हुई है।

#### पाइप लाइन नहीं पहुंची पानी की समस्या, जूझ रहे वार्डवासी

ग्राम पंचायत परासई में अहिरवार लखनी पठाघाट मोहल्ले में पाइप लाइन नहीं पहुंची है, जिससे यहां पेयजल की समस्या है। अरविंद सिंह हाकम सिंह दीपक सिंह भगवान सिंह मान सिंह का कहना है जल निगम अधिकारियों कर्मचारियों से अनेकों बार इन मोहल्ले में पाइपलाइन बिछाने की मांग कर चुके लेकिन अधिकारी कर्मचारी पाइपलाइन बिछाने का आश्वासन देकर चले जाते हैं और आज दिनांक तक पाइपलाइन नहीं बची है। गर्मी का मौसम आ गया है। पेयजल संकट गहरा गया है और हम वार्डवासियों की पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने से परेशानी बढ़ती जा रही है। जल निगम मैनेजर मनोज राज का कहना पेजजल सप्लाई करने वाले ऑपरेटर के द्वारा नियमित पेयजल सप्लाई नहीं की जा रही है। शिकायत के निराकरण के लिए मैं दिखवाता हूं और ग्रामीणों को पेयजल की समस्या ना आए इसके लिए आज ही दिखवाते है। पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए जैसे ही प्रस्ताव जरूरी है जैसे ही मिलता है यह कार्य भी करवाते है।

# मित्रता का समर्पण, दो मुट्ठी चावल के लिए दे दिए दो लोक

**श्री कृष्ण और मित्र सुदामा की मित्रता दुनिया के लिए मिसाल बनीः पं उमाशंकर शास्त्री**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

यह कहावत तो आपने सुनी होगी हरि अनंत हरि कथा अनंता। ऐसे ही श्री कृष्ण की लीलाएं भी अनंत हैं। दोस्त और उनके लिए श्री कृष्ण का समर्पण अद्भुत था। भगवान श्री कृष्णा और मित्र सुदामा प्रसंग की कथा बनवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सुनाते हुए पंडित उमाशंकर शास्त्री जी ने कहा भगवान श्री कृष्ण के तमाम गुणों के साथ उनके प्रेम और स्नेह की भी अनेक कथाएं कहीं जाती हैं। जहां ब्रज की गोपियों के साथ उनका प्रेम पारलौकिक कहा जाता है। वहीं अपने मित्रों के लिए उनका समर्पण भी अद्भुत दर्शाया गया है। चाहे वह अर्जुन के साथ उनकी मित्रता हो या सुदामा के लिए उनका स्नेह, दोनों ही चरम आदर्श स्थापित करते हैं।

यूं तो हम सभी ने कृष्ण और सुदामा की मैत्री के बारे में कभी ना कभी अवश्य पढ़ा और सुना होगा। इसके बाद भी जब हम उनकी कथा सुनते हैं, मन भावुक हो जाता है। अपने मित्र के लिए किसी भी हद तक जाकर उसकी मदद करना कृष्ण जैसे महानायक के लिए ही संभव है। चाहे बचपन में, गुरुकुल में शिक्षा लेते हुए, उनके साथ भिक्षा के लिए जाना हो, या फिर वर्षों बाद राज्य आगमन पर आंसुओं से सुदामा के पैर धोना हो सभी प्रगाढ़ दोस्ती की अद्भुत मिसाल है।

गुरुकुल में शिक्षा पूरी होने के बाद कृष्ण और सुदामा अपने अपने घरों में वापस चले गए। ब्राह्मण सुदामा वेद पाठ के बाद भिक्षाटन से जीवन यापन करने लगे, और कृष्ण राजनीतिज्ञ बन द्वारिकाधीश बन गए। गृहस्थ जीवन में प्रवेश के बाद सुदामा बेहद विपन्नता में जीवन व्यतीत करने लगे। तब उनकी पत्नी ने कहा कि वे अपने मित्र द्वारकाधीश श्री कृष्ण से सहायता मांगे। पत्नी के जोर देने पर इच्छा के विपरीत सुदामा श्री कृष्ण से मिलने पहुंचे। जब कृष्ण को अपने मित्र के आगमन का समाचार मिला, तो वे नंगे पांव दौड़ कर, द्वार पर उन्हें लेने आए।

सुदामा की दीन अवस्था देखकर, श्री कृष्ण इतने भावुक हो गए कि उनके आंसुओं के जल से ही सुदामा के चरण भूलने लगे। इसके बाद कृष्ण ने उनसे पूछा कि मित्र तुम मेरे लिए क्या लाए हो। शरमाते हुए सुदामा ने पत्नी द्वारा दी गई चावलों की पोटली आगे कर दी। कृष्ण जी ने वह पोटली प्रसन्नता के साथ सुदामा के हाथ से ले ली, और एक के बाद एक उसमें से दो मुट्ठी चावल खा लिए। इस प्रक्रिया के साथ ही 2 लोक की संपत्ति सुदामा के नाम कर दी।

#### रुक्मिणी ने थामा हाथ

तीसरी मुट्ठी चावल खाने को तत्पर श्री कृष्ण का हाथ उनकी पटरानी रुक्मणी ने थाम लिया। सभी लोग विस्मय से रुकमणी को देखने लगे, कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया। तब रुक्मणी ने कहा प्रभु आपने दो मुट्ठी में 2 लोक तो दान कर दिए हैं। अब तीसरा मत कीजिए, वरना हम सब और आपकी प्रजा कहां जाएंगे। इस पर कृष्ण रुक गए और सुदामा को प्रेम पूर्वक उनके घर के लिए, वस्त्र आभूषण के साथ विदा किया। सुदामा चरित्र के साथ साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का हवन पूजन कन्या भोज भंडारे के साथ भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

## गैसाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**हिनौताकला।** ग्राम हिनौता कला में लोकसभा चुनाव 2024 के सुरक्षा के मद्देनज़र गैसाबाद पुलिस द्वारा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में चौराहों पर वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया जिसमें थाना प्रभारी के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा। जिसमें सभी प्रकार के वाहनों की दस्तावेज की जांच एवं तलाशी अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध हथियार गैर प्रमाणित नगदी अवैध मादक पदार्थ की जांच की गई एवं लोगों को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। चालकों को समझाईश दी गई। आवारा पशुओं को देखकर वाहन चलाएने सहित हेलमेट लगाने की हिदायत दी।। पुलिस के ऐसे कार्यों से आसामाजिक तत्वों में डर का माहौल बना एवं लोगों को पुलिस की मौजूदगी से भय मुक्त वातावरण का आभास हुआ।

### श्रृद्धा के पुष्प अर्पित कर दी गई आजादी के अमर सपूतों

## शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को श्रद्धांजलि

**पन्ना।** आज ही के दिन, 1931 में भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर ने देश की आज़ादी का सपना दिल में बसाकर मुस्कुराते हुए फांसी के फंदे को चूम लिया था। इन तीनों देशभक्तों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज यानी 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है, इसी संज्ञान में उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना द्वारा संचालित गांधी चौक स्थित महाराजा छत्रसाल विधादान निःशुल्क अध्ययन केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा शहीद भगत सिंह,सुखदेव तथा राजगुरु के छाया चित्र में श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर उन्हें यादकर श्रद्धांजलि दी गई। संस्था समन्वयक शुभम शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में अमर सपूतों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने की बात कही गई।

## अमीर शहीदो का किया पुण्य स्मरण



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में शहीद दिवस पर अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरू द्वारा देशहित प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। इस शहीद दिवस पर कांग्रेसजनों ने उनका पुण्य स्मरण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि आजाद भारत की लड़ाई में लाखो आहुति दी थी आज देश में व्याप्त फासिष्ट वादी ताकते जो स्वयं को देशभक्त बताती है वह नौजवानो को गुमराह करने का काम कर रही है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरू भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी थे। उन्होनें ब्रिटिश राज के अधिकारी को गोली मारी थी। एक वह वक्त था देशभक्ति व्यक्ति के लिये प्राथमिकता थी किंतु आज ऐसा वक्त आ गया है कि भाजपा सरकार बनाने सीबीआईईडी द्वारा अन्य राजनैतिक दलो को धमकाने का काम कर रही है। शहीदो को पुष्पाजंलि देने वालो में सतीश जैन, अरूण मिश्रा, विजय कर्माकर, संदीप बरदिया, गजराज सींग, सादिक काजी, श्रीकांत पटेल, स्वप्निल जैन, कुंजी नेमा सहित अनेको कांग्रेसजनो की उपस्थिति रहीं।

## शिक्षक ने बांटी मास्क, पिचकारी

**दमोह।** शासकीय प्राथमिक शाला बैरागढ़ में शाला प्रभारी भागीरथ पाटकार ने बताया कि शाला में बच्चों की उपस्थिति से ही हमारा परिवार चलता है। बच्चे हर त्योहार का महत्व समझ सकें।एवं



त्योहार मना सकें।इस उद्देश्य से मैं हर उत्सव पर बच्चों को अपने स्तर से विभिन्न सामग्री बांटता हूं। इससे मन में खुशी मिलती है। बच्चों को रंगों के त्योहार होली के पूर्व रंग,गुलाल,फेस मास्क, पिचकारी आदि बांटी गई,एवं बच्चों को गुलाल लगाई एवं होली खेलने के साथ पानी का दुरुपयोग कम से कम हो,बुराईयों से बचने की सीख दी गई। शाला में पदस्थ शिक्षिका सरिता दाहिया एवं नमिता ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ दमोह म.प्र.की प्रेरणा से यह कार्यक्रम रखा गया था।

# गौ चिकित्सालय के उदघाटन के लिए मुनि श्री समय सागर से किया निवेदन



**तेंदूखेड़ा।** शहपुरा भिटोनी में विराजमान भावी आचार्य श्री 108 समयसागर महामुनिराज जी के दर्षन करने नगर के गौषाला कमेटी एवं जैन समाज के लोग पहुंचे था साथ ही सभी ने गौशाला तेंदूखेड़ा एवं नवीन जिनालय के संबंध में लगभग 20 मिनट महामुनिराज जी से चर्चा की एवं तेंदूखेड़ा आगमन की प्रार्थना कर नगर में कुछ दिन प्रवास के लिए निवेदन किया। साथ ही नव निर्मित गौशाला के गौ चिकित्सालय के उद्घाटन के लिए श्रीफल भेंट कर पूज्य गुरुदेव के चरणों में निवेदन किया है। गुरुदेव की मुस्कान से प्रतीत हुआ कि गुरुदेव का कुछ दिन का सानिध्य तेंदूखेड़ा नगरवासियो को प्राप्त हो सकता है। निवेदन करने करने पहुचे गौशाला अध्यक्ष संजय परसमणि, महामंत्री अमरचंद भद्दू सेठ, राहुल प्रभुछाया, सत्यम जैन, अंकित जैन सांगा, एवं आयुष जैन शामिल थे।

# गेंहू उपार्जन केन्द्र प्रदान करने लगाई गुहार

**हटा।** शासन के आदेशानुसार प्रतिवर्षानुसार स्व-सहायता समूहों को गेंहू उपार्जन केन्द्र प्रदाय किए जाते थे जिससे स्व-सहायता समूह समूचे जिले में गेंहू खरीदी शासन के नियमानुसार समूहों को खरीदी केन्द्र के लिए उपार्जन केन्द्र आवंटित किए जाते थे लेकिन इस बार बर्ष 2024में जिले के गेंहू खरीदी उपार्जन केन्द्र स्व-सहायता समूहों को प्रदाय न करनें पर जिले के महिला समूहों द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें आग्रह किया गया कि दूसरे जिलों की भांति दमोह जिले में भी गेंहू उपार्जन खरीदी केन्द्र प्रदाय किए जाए जिससे महिला स्वसहायता समूह स्वालंबी हो सके। ज्ञापन देने जमुनिया माल किशनगंज पथरिया बिलानी नंदरई सहित जिला की अन्य जगहों से स्वसहायता समूहों की उपस्थिति रही।

### किसान ने दर्ज कराई अमानगंज तहसील में नामंत्रण आपत्ति

**अमानगंज।** जेके सीमेंट प्लांट मे किसानों के हितों के साथ बहुत बड़ा छलाबा किया जा रहा है सीधे सीधे किसानों के हकों पर डकैती डाली जा रही है। जेके प्लांट के कर्मचारियों द्वारा आवश्यकता अनुसार किसानों का बहुत ही चालसाजी के तहत इस्तेमाल किया जा रहा। जितनी जमीन जरूरत होती है उसकी गुप्त तरीके से सौदेबाजी की जाती है कुछ किसानों को बहला फुसला कर अच्छे रेट कहकर किसानों को फसाया जाता है, एक चेक देने के बाद महीनों तक चक्कर लगवाया जाता है और जब अंत मे किसान अत्यधिक परेशान होकर थक हार जाता है तब मनमर्जी का चेक बनाकर किसानों को थमा दिया जाता है। इसमे पूरा का पूरा जेके सीमेंट प्लांट का पूरा सिस्टम संलिप्त होता।ऐसा ही एक मामला ग्राम देवरा के एक किसान फूल बाई लुहार का देखने को मिला जिसको कंपनी के अधिकारियों द्वारा अच्छे रेट का वादा करके जेके सीमेंट कानपुर के नाम रजिस्ट्री करवा ली गई । देवरा हल्का के खसरा नं. 5/2 0.70 हेकटेयर भूमि की रजिस्ट्री करवा ली गई। अधिकारियों द्वारा किसान का 2 लाख रुपय हड़प लिए या यूँ कहे गोलमाल कर निगल गये। किसान के पास जितनी जमीन थी कंपनी के नाम कर ली गई और पैसे की हेराफेरी मामला निपटा दिया गया। जिसका फूल बाई लुहार द्वारा अमानगंज तहसील मे नामंत्रण आपत्ति का आवेदन दिया। अब किसान अधिकारियों की बातों मे आकर अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है।

## टीबी के लक्षणों की जानकारी देने का संकल्प लिया




**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक एवं डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के मार्गदर्शन में विश्व क्षय दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं एवं एनजीओ पार्टनर के द्वारा आम जनमानस को टीबी के लक्षणों की जानकारी एवं शासकीय योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार सामग्री के द्वारा बताया गया, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस पूरा देश वर्ल्ड टीबी डे पर विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां करता है, लोगों को जागरूक करने के लिए, राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार टीबी प्रोग्राम की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रम में समस्त एनटीईपी स्टाफ चेतन अग्रवाल, भूषण पटेल, राजेश उपाध्याय, सुरेंद्र दुबे, सुश्री क्रांति चौधरी, श्रीमती राखी ताम्रकार, श्रीमती रितु, एनजीओ पार्टनर्स में शिवांक असाटी, राहुल सिंह परिहार एवं अभिषेक तिवारी की टीम भी उपस्थित रही. जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कटारे सीपीएससी सलाहकार ओम प्रकाश पटेल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें आशाएं घर-घर जाकर लोगों को टीबी से संबंधित जानकारियां अपने वार्ड एवं ग्राम में दे रही है।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर आज को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास के द्वारा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय स्टाफ की मौजूदगी में की शांति समिति की बैठक में ग्राम की गणमान्य नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव के ग्रामीणों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। ग्रामीणों के द्वारा शांति समिति की बैठक में शॉर्ट सर्किट से फसलों में लग रही आग की घटनाओं से प्रशासन को अवगत करवाते हुए जबेरा जनपद मुख्यालय में आगजनी की घटना से फसलों को बचाने के लिए स्थाई रूप से फायर ब्रिगेड वाहन की मांग रखी। वहीं होली पर्व के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति को लेकर लोगों ने अपनी मांग रखी। वहीं प्रशासन के द्वारा लोकसभा चुनाव के आचार संहिता का पालन करते हुए शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील की गई। शांति समिति की बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, रवि शंकर बाजपेई, डॉक्टर अश्वनी नामदेव, गोविंद तिवारी, संतोष तिवारी, संतोष शर्मा, अमित तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा, आशु तिवारी, सुदीप अवस्थी, सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपूढ़े, प्रधान आरक्षक संतोष खरे पुलिस स्टाफ सहित थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के ग्रामीणों की उपस्थित रही।

# घर घर बना रहे गोबर के बरूला पर्यावरण संरक्षण का दे रहे संदेश



**बनवार।** हिंदू मान्यता में भी कंडों की होली जलाने का उल्लेख है यही बजह है कि होली पर्व के पहले से ही घर घर मे गाय के गोबर के बरुला बनाने की तैयारिया हमारे घरों की महिलाएं बच्ची करने में जुट जाती है। होलिका दहन में गोबर के बरूले बनाना नवाचार नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इस परंपरा के जरिए जहां अपनी परंपरा की रक्षा करते हुए हुए पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे सकते है। हमे विरासत में मिली कंडों की होली जलाने की परंपरा को अच्छा बताते हुए आज इसे अपनाने की जरूरत है। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए यदि पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो कंडो(बरुला) के होली जलाएंगे। इससे पर्यावरण संरक्षित होगा और जंगल भी हरे भरे रहेंगे क्योंकि जहां लकड़ी उपलब्ध नहीं होगी। वहां पेड़ काटे जाएंगे यदि पेड़ काटने से ही होली का पर्व मनाना है तो इस से अच्छा है कि क्यों ना कंडो की होली जलाई जाए जिससे वातावरण भी शुद्ध होगा। कंडों से होलिका दहन करना तो हमारी प्राचीन परंपरा है। लेकिन लोग गोवर कंडों के अभाव में लकड़ी से होलिका दहन की रीति की ओर बढ़ते जा रहे हैं जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

## खबर संक्षेप

### डॉ प्रेमलता नीलम की कविताओं का प्रसारण

**दमोह।** अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ प्रेमलता नीलम की आकाशवाणी छतरपुर से दिनांक 24 मार्च को शाम 5:30 से बाल कविताओं का प्रसारण होगा, देश सभी आकाशवाणीयों से अनेकों बार प्रसारण हुआ है डॉ प्रेमलता नीलम की बाल कविता एवं बाल कहानी संग्रह का प्रकाशन हुआ, कुल तेरह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है,। आकाशवाणी छतरपुर से प्रसारित काव्यपाठ सुनिए।

### मजदूर संघ की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**दमोह।** प्रांतीय के निर्देश अनुसार भारतीय कृषि ग्रामीण मजदूर संघ जिला दमोह की नवीन कार्यकारिणी का भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे की सहमति देवेंद्र चौबे जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ की अनुशंसा पर जिले की भारतीय कृषि ग्रामीण मजदूर संघ की जिला कारखाने निम्नानुसार घोषित की जाती है जिसमें सोमनाथ यादव जिला अध्यक्ष, राजकुमार रैकवार जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र सैनी जिला महामंत्री, करण यादव जिला सह मंत्री, नमन नेम जिला मीडिया प्रभारी, खेमराज यादव जिला कार्यालय मंत्री, श्रीमती नीलम यादव जिला उपाध्यक्ष, नीरज सोनी जिला सहमंत्री, मोनू राज जिला उपाध्यक्ष, सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को भारतीय मजदूर संघ की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### परिवहन विभाग द्वारा जांच के दौरान की कार्रवाई

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा जांच की जा रही हैं। इसी क्रम में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया आज ट्रक-बस सहित चार पहियां वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान 12 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

छत से फेंकने के बाद सिर पर सिलेंडर पटककर भाग गए थे दोनों आरोपी

# अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश इश्कबाजी में युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



चार दिन पहले शहर के खजरी मोहल्ला क्षेत्र में हुए अंधे हत्याकांड का दमोह पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ खुलासा कर दिया है। एसपी श्री सोमवंशी ने शनिवार शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपरोक्त प्रत्याशी जुड़े तथ्यों से लेकर आरोपी गिरफ्तारी को लेकर मामले का खुलासा किया।

खजरी मोहल्ला में 19 मार्च की सुबह आम रास्ते पर एक युवक के मृत अवस्था में सड़क पर पड़े होने की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस पहुची थी। मृतक की पहचान अंकू उर्फ अंकेश राय पिता लब्बू राय निवासी खजरी मोहल्ला के रूप में हुई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुये तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग क्र. 15/24 जाँच में लिया गया एवं आवश्यक कार्यवाही की गयी। मर्ग जाँच के दौरान यह तथ्य सामने आये की मृतक की हत्या कारित की गयी है जिस पर से थाना कोतवाली में अप.क 232/2024 धारा 302, 34 ताहि. 3(2)5, 3(2)5क एससीएसटी एक्ट आरोपी 1. शुभम राठौर 2. शोभित राठौर दोनो निवासी खजरी मोहल्ला दमोह के विरुद्ध नामजद मंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण गंभीरता को देखते हुये आरोपियो की लगातार पतारसी हेतु नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी कोतवाली को निर्देशित किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर सधन पूंछ तांछ में आरोपियों ने घटना कारित करना एवं अंकू उर्फ अंकेशपिता लब्बू राय निवासी खजरी मोहल्ला दमोह की हत्या करना स्वीकार किया। 23 मार्च को दोनो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहा से उनको जेल भेज दिया गया।

मृतक अकू उर्फ अंकेश राय का खजरी मोहल्ला में ही रहने वाले आरोपी पक्ष की लड़की से जान पहचान थी। जो मृतक घटना दिनाँक की रात्री से आरोपी पक्ष की घर की छत पर आ गया था। मृतक अंकू राय की आने की भनक आरोपी शोभित और शुभम को लग गयी और आरोपी शुभम और शोभित ने मृतक अकेश के साथ आरोपियो की घर ने छत पर मारपीट की एवं उसे छत से नीचे फेंक दिया एवं नीचे आकर सडक पर पड़े हुये मृतक अकु उर्फ अकेश के शरीर पर रोपियों के घर पर रखे हुये गैस सिलेण्डर को मृतक अंकेश के सिर पर पटककर उसे गंभीर चोट पहुंचायी जिससे उसका सिर फट गया और मांस एवं रक्त बाहर निकल गया। आरोपी शुभम राठौर और शोभित उक्त घटना करने के पश्चात तत्काल घटना बल से फरार हो गये थे। आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक आनद सिह ठाकुर, उनि. चंदन सिंह, सउनि. रमाशंकर मिश्रा, नार, राजकुमार बिदौल्या, आरक्षक कृष्णकुमार, एवं सायबर सेल प्रधान आरक्षक सौरभ टडन, राकेश अठ्या आरक्षक कृष्णकुमार, आकाश की सराहनिय भूमिका रहने पर एसपी द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

रात 2 बजे हादसा, जांच में जुटी पुलिस

# शार्ट सर्किट से दो दुकानों में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





शुक्रवार एव शनिवार की दरम्यानी रात मे लगभग 2 बजे तेंदूखेड़ा तिगडडा तारादेही रोड़ पर नगर की दो दुकानों मे अचानक आग लग गई। जिस कारण दोनो दुकानो में रखी सम्पूर्ण सामग्री जलकर खाक हो गई। सडक से आने जाने बाले राहगीरो ने आग लगने की सूचना पुलिस एवं फायर वाहन दी गई। फायर वाहन ने आग पर काबू पाया गनीमत रही कि केवल दो दुकाने ही आग की चपेट में आ पाई वरना और भी दुकानो में आग लग जाती। सुबह राजस्व विभाग के अमले ने पहुंचकर नुकसानी पंचनामा बनाया गया। जिन दुकानो में आग लगी है जिनमे एक दुकान राहुल चौकसे की है जिसमें आनलाईन कार्य किए जाते थे। जिसमें रखा कम्प्यूटर एलसीडी फोटो कापी मशीन, प्रिंटर मशीन सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो गए है। बताया जा रहा है कि लगभग डेढ लाख रूपए का नुकसान हुआ है। दूसरी दुकान तोडल बेन है जो ढोलक हामोनियम की दुकान थी जिसमें भी लगभग तीन लाख रूपए के हारमोनियम और ढोलक रखी हुई थी जो भी सभी जलकर खाक हो गई है। आग कैसे लगी है जिसकी पुष्टि नही हुई है। कोई कहता है कि आग सार्टसर्किट के कारण लगी है। जबकि ढोलक दुकानदार तोडल रात लगभग 12 ही दुकान से घर गया था। दुकाने के सामने ही निवास कर रहे है। डाक्टर राकेश नामदेव ने बताया कि तेज आवाज आने के बाद मेरी नीद खुली तो बाहर आकर देखा कि दुकानों मे आग लगी हुई थी जिसकी सूचना पुलिस ओर फायरबिग्रेड को दी दुकानो के एक तरफ शिव मंदिर था जिस कारण आग दूसरी दुकानो में नही पहुंच पाई। इस मामले टीआई फमिदा खान का कहना है कि सबसे पहले आनलाईन की दुकान में आग लगी हैं उसके बाद ढोलक दुकान में आग पहुंची है आगजनी की घटना जांच की जा रही है।

**बस की टक्कर से युवक घायल- फतेहपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही मामला मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर चौकी का सामने आया है। जानकारी अनुसार मुन्ना खान उम्र 45 वर्ष निवासी फतेहपुर को बस में टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया जिसे उपचार हेतु खुद के निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने बस को जप्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## बोलेरो व ऑटो में सीधी टक्कर, दोनों क्षतिग्रस्त



हटा। थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह मार्ग पर कंजरा बनगांव के बीच पुलिया के समीप बोलेरो वाहन व ऑटो में सीधी टक्कर हो जानें से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये वही वाहन चालको को मामूली चोटें आने से 108की मदद से जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया।जानकारी के अनुसार दमोह निवासी अमोल पटैल जो अमूल दूध की सप्लाई करनें रोजाना हटा आता था शनिवार की दोपहर वह वापस दमोह जा रहा था तभी कंजरा बनगांव के बीच पुलिया के समीप दमोह की ओर से आ रही बोलेरो वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने पर ऑटो वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वही वोलरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिर गई।गनीमत यह रही की इस घटना में दोनों वाहन चालको को मामूली चोटें आनें से जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया।

## मुनि संघों का कुंडलपुर में भव्य मंगल प्रवेश



**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य निर्यापक मुनि श्री अभयसागर जी महाराज ससंघ, पूज्य निर्यापक मुनि श्री संभवसागर जी महाराज ससंघ, पूज्य मुनि श्री प्रभात सागर जी ,मुनिश्री चंद्रसागर जी, मुनि श्री आनंदसागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ससंघ, पूज्य मुनि श्री विराटसागर जी महाराज ससंघ ,पूज्य मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज ससंघ, पूज्य मुनि श्री विशदसागर जी महाराज ससंघ सभी मुनिराजो का मंगल मिलन हुआ। पूज्य आर्यिकारत्न श्री ऋजु मति माताजी ससंघ अगवानी में शामिल रहीं । कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ संयोजक वीरेश सेठ, आर के जैन, ललित सराफ, अनिल मम्मा, रेशु सिंघई, यूसी जैन, पवन जैन आदि कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी पदाधिकारी सदस्य, ब्रह्मचारी भैया जी ,दीदी जी, कुंडलपुर समाज, बड़ी संख्या में उपस्थित यात्रीगण, कुंडलपुर स्टाफ की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का जायजा लिया



**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर अपने मतदान केन्द्रों के भ्रमण की श्रृंखला में तेंदूखेड़ा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्र में रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, प्रसाधन, प्रवेश एवं निकास सहित अन्य व्यवस्थाओं पर सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने शासकीय माध्यमिक शाला भवन खमरिया मोजीलाल, पतलोनी, धनगौरकलां, बिसनाखेडी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल तेजगढ़, झापन, पाड़ाझिर में निगरानी कर रहे दल से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने दल की पंजी रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा एसडीएम अविनाश रावत, एसडीओपी पुलिस डीएस ठाकुर, सीईओ जनपद मनीष बागरी, तहसीलदार सोनम पांडे, थाना प्रभारी तेजगढ़ अभिषेक पटेल, थाना प्रभारी तेजगढ़ राजेश रोहित, सहित सबन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### संस्कृति के संरक्षण के लिए शिक्षा संस्कार युक्त होनी चाहिए- आर्यिका गुरुमती माताजी




**दमोह।** संस्कृति के संरक्षण के लिए शिक्षा संस्कार युक्त होना चाहिए। संस्कार व्यक्ति ही संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों का भी संस्कार वान अति आवश्यक है। युवा पीढ़ी को मध्य मांस मधु के साथ-साथ नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रखना जरुरी है। सप्त व्यसन त्याग और अष्ट मूल गुणों का पालन करना जीवन उन्नति बहुत आवश्यक है। उपरोक्त उदगार आर्यिका गुरुगति माताजी ने जी जैन धर्मशाला में चल रही सिद्ध चक्र महामंडल मैं अपने मंगल प्रवचन मैं अभिव्यक्त किये। इसके पूर्व प्रातः काल शांति धारा करने का सौभाग्य निर्मल कुमार, सुनील यशपाल, महेंद्र वेजिटेरियन परिवार एवं राजू नायक परिवार ने प्राप्त किया शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य डॉआर के जैन नै प्राप्त किया। विधान में रात्रि में महाआरती करने का सौभाग्यश्रेयांश पदम लहरी को प्राप्त हुआ विधान में 512 अर्ग एवं जबलपुर नाका मंदिर समिति की ओर से द्रव्य सामग्री समर्पित की गई। आर्यिका श्री ने अपने मंगल प्रवचनों में आगे कहां की संस्कार विहीन लक्ष्हीन शिक्षा कोई काम की नहीं है ऐसी शिक्षा प्रणाली होनी चाहिए जो की शांति का मार्ग प्रशस्त करें हिंसा से विश्व शांति संभव नहीं आज हिंसा की ज्वाला में सारा विश्व जल रहा इसे आचार्य श्री के द्वारा बताए गए अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही बदला जा सकता है। शांति का मार्ग मिल सकता है आचार्य श्री का पुण तीर्थंकरों के समान है।

## वन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**दमोह।** विगत दिनो में सगोनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बनवार बीट के झरौली बनवार के बीचों बीच ब्यारमा नदी से निकलकर मगरमच्छ खेतों में चहलकर्तमी करते हुए देखा गया था। जिससे किसानों में दहशत का माहोल बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों किसानों की सुरक्षा को मद्देनजर देखते हुए वन मण्डल अधिकारी दमोह महेंद्र सिंह ऊईके के निर्देशन में सगोनी रेंजर अखिलेश चौरसिया, बनवार बीट गार्ड भरत सिंह, बिरशन सिंह, सुरक्षा श्रमिक एवं कृषक रफीक खान, मुन्ना खान, रमेश आठिया, युसूफ खान, पूरन दयाराम की मौजूदगी में जागरूकता के लिए संबंधित क्षेत्रों का दौरा किया तथा नदी के तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को नदी से दूर रहने की समझाइश दी गई। नदी से निकलकर खेतों की तरफ आने पर मगरमच्छ की सूचना वन विभाग को सूचित करने के लिए कहा गया। मगरमच्छ को लेकर सतर्क रहे और नदी से निश्चित दूरी बनाकर रखें।

# गैसाबाद बस स्टैंड पर नहीं है प्रसाधन की व्यवस्था

गैसाबाद।

ग्रामीण क्षेत्र के करीबन 25 गांव का उप तहसील मुख्यालय गैसावाद बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है। विधायक निधि से बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय कुछ ही बरसों में ताश के पत्तों की तरह बिखर जाते हैं। जिसका ताजा उदाहरण ग्राम के आजाद चौक पर विधायक निधि से बने यात्री प्रतीक्षालय की हालात को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। पंचायत प्रशासन द्वारा बहुत पहले पुरानी ग्राम पंचायत के पास यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया था। लेकिन वर्तमान समय में वह भी यात्रियों के उपयोग लायक नहीं है। कुछ दिन पूर्व पटवारी द्वारा दुकानदारों को नोटिस देकर दुकान हटाने के लिए बोला गया था। इसके पीछे वजह बताई गई थी कि पुरानी पंचायत के यहां दुकानों का निर्माण कर यात्री प्रतीक्षालय बनाया जाएगा। लेकिन नोटिस देने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई यात्रियों के लिए सबसे अधिक परेशानी बस स्टैंड पर टॉयलेट नहीं होने से हो रही है। गैसाबाद बस स्टैंड से रोजाना दर्जनों बसो का आना जाना होता है। बसों में आने वाले यात्रियों को बस स्टैंड पर टॉयलेट की असुविधा होती है पुरुष वर्ग तो जैसे तैसे इधर-उधर आड़ लेकर बाथरूम हो लेते हैं। लेकिन महिलाओं को टॉयलेट नहीं होने से बाथरूम आदि जाने में भारी परेशानी होती है। पूर्व में हरदौल बाबा के यहां पंचायत द्वारा बनाया गया काम चलाऊ टॉयलेट था। लेकिन वर्तमान समय में वह पुराना टॉयलेट भी धराशाई हो चुका है। यात्री पन्ना दमोह सागर जबलपुर भोपाल आदि स्थानों से आते हैं और बस स्टैंड पर पहुंचते ही टॉयलेट की तलाश में इधर-उधर भटकते हुए देखे जा सकते हैं। यह शर्मसार करने वाली स्थिति आज की नहीं बल्कि कई वर्षों से ग्राम में बनी हुई है। बस स्टैंड पर टॉयलेट नहीं होने से यात्री परेशान होते हैं। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत प्रशासन एवं जवाबदेह अधिकारियों का इस गंभीर समस्या पर कभी ध्यान नहीं गया। ग्राम पंचायत बजट नहीं होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार गैसाबाद बस स्टैंड के लिए पूर्व में ही एक शौचालय स्वीकृत हो चुका था। लेकिन पंचायत प्रशासन ने उस शौचालय को बस स्टैंड की वजह नए बने ग्राम पंचायत कार्यालय के पास बना दिया था जहां पर शौचालय का कोई खास उपयोग नहीं होता है। बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए बैठने के लिए भी कोई खास इंतजाम नहीं है। जिससे यात्री बस के इंतजार में खुले आसमान के नीचे बैठने को विवश होते हैं ग्रामीणों एवं क्षेत्र से आने वाले यात्रियों ने बस स्टैंड पर शौचालय बनाए जाने की मांग की है।

## खबर का असर : लटकते तारों को किया व्यवस्थित



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के ग्राम फतेहपुर में पिछले चार माह से 5-6 फीट की ऊंचाई पर लटक रही बिजली केबिल लोगो के लिये भय का कारण बन रही थी। लोग जान जोखिम में डालकर पांच फीट बिजली केबल के नीचे से निकलने को मजबूर थे। हरिभूमि की खबर के बाद जहां जिम्मेदारियों से दूर होकर निद्रा में लीन विद्युत मंडल की नींद खुली व शनिवार को पांच फीट नीचे लटक रही बिजली केबल का सुधार हुआ एवं केबिल को रस्सी के सहारे उपर लटकाया गया। फतेहपुर निवासी विनोद साहू, राघवेंद्र साहू, गोपाल सेन, सुनील अग्रवाल रिंकू पाठक, गुड्डू खान ने हरिभूमि को धन्यावाद दिया व आगे भी जनसमस्याओं को उठाने की बात कही।

## कर्मा जयंती मनाने हुई बैठक में साहू समाज ने की रूपरेखा तैयार



**रनेह।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साहू समाज की शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती को लेकर कृष्णा कुटी नायक निवास रनेह में साहू समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि आगामी 5 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश सरकार मंदिर प्रांगण से विशाल शोभा यात्रा समूचे ग्राम में धूमधाम से निकाली जाएगी तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में भी 2:00 बजे से मंचीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही अतिथि सम्मान के समापन पर कर्मा देवी की खिचड़ी का प्रसाद वितरण होगा। बैठक में आय-व्यय का वार्षिक लेखा जोखा दिया गया। साथ ही 25 मार्च सोमवार के दिन साहू समाज के घर घर जाकर शोक संतृप्त परिवारों में शोक संवेदनाएं व्यक्त करने का निर्णय लिया गया।

In The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge Class-I, District Court,Damoh
**Presiding Officer:** सुश्री सुनीता रावत
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक.
(MJC SUC/0000004/2024)
राजेन्द्र लडिया. ......................आवेदक Vs
शाखा प्रबंधक स्पन्दना स्फूर्ति फाइनेंसियल लिमिटेड
............आनावेदक
TID-517/2024
Process Id- /2024
पेशी दिनांक :- 08/05 /2024
प्रेषिती-
(1) आम जनता- पता- दमोह जिला दमोह म.प्र.
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र लडिया पता ने मृतक देवेन्द्र लडिया निवासी वार्ड न. ६ पथरिया जिला दमोह की दुर्घटना बीमा राशि 20,00,000/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 May 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 May 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 22 March 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
मुद्रा
सुनीता रावत
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश
जिला दमोह (म.प्र.)